# प्रश्नपत्र की रूपरेखा

**विषयः** मनोविज्ञान | **कक्षाः** उच्चतर माध्यमिक

**प्रश्न पत्रः** सैद्धान्तिक | **पूर्णांकः** 100

**समयः** 3 घंटे

## 1. उद्देश्य बल

| उद्देश्य | ज्ञान | समझ | प्रयोग | योग |
|---|---|---|---|---|
| अंक प्रतिशत | 25% | 45% | 30% | 100% |

## 2. प्रश्न बल

कुल प्रश्न 30 (आधार 25 + वैकल्पिक 5) प्रश्न पत्र 100 अंक

| प्रश्नों का रूप | दीर्घ उत्तर | लघु उत्तर | अति लघु उत्तर | मल्टीपुल च्वायस |
|---|---|---|---|---|
| अंक | 6 | 4 | 2 | 1 |

## 3. अंक विभाजन

| 100 अंक प्रश्न पत्र | आधार माड्यूल | वैकल्पिक माड्यूल |
|---|---|---|
| | $1 \times 5 = 5$ | $1 \times 1 = 1$ |
| | $2 \times 5 = 10$ | $2 \times 2 = 4$ |
| | $4 \times 10 = 40$ | $4 \times 1 = 4$ |
| | $6 \times 5 = 30$ | $6 \times 1 = 6$ |
| | 25 85 | 5 15 |

## 4. समय निर्धारण

| | |
|---|---|
| कुल समय | 180 मिनट |
| दीर्घ उत्तर (6 अंक) | 70 मिनट |
| लघु उत्तर (4 अंक) | 70 मिनट |
| अति लघु उत्तर (2 अंक) | 15 मिनट |
| मल्टीपुल च्वायस (1 अंक) | 20 मिनट |

## 5. विषय वस्तु बल

| **मॉड्यूल संख्या** | **मॉड्यूल नाम** | **बल** |
|---|---|---|
| 1 | मनोविज्ञान के आधार | 14 |
| 2 | मनोवैज्ञानिक प्रक्रम | 17 |
| 3 | वैकासिक प्रक्रम | 17 |
| 4 | आत्म और व्यक्तित्व | 17 |
| 5 | सामाजिक एवं प्रायोगिक मनोविज्ञान | 20 |
| 6 अ | कार्य जगत | 15 |
| | **या** | |
| 6 ब | प्रारंभिक बचपन की शिक्षा को सुसाध्य बनाना | 15 |

# ब्लू प्रिंट

**विषय:** मनोविज्ञान

**पूर्णांक:** 100

**कक्षा:** उच्चतर माध्यमिक

**समय:** 3 घंटे

| क्र. सं. | माड्यूल | Knowledge | | | | Understanding | | | | Application | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दी.उ. | ल.उ. | अ.ल.उ. | एम.सी. | दी.उ. | ल.उ. | अ.ल.उ. | एम.सी. | दी.उ. | ल.उ. | अ.ल.उ. | एम.सी. |
| 1. | मनोविज्ञान के आधार | 1 (6) | | | 1 (1) | | 1 (4) | | 1 (1) | | | 1 (2) | |
| 2. | मुख्य मनोवैज्ञानिक प्रक्रम | | 1(4) | | | 1(6) | 1 (4) | 1 (2) | | | | | 1 (1) |
| 3. | वैकासिक प्रक्रम | | | | 1(1) | 1 (6) | 1 (4) | 1 (2) | | | 1 (4) | | |
| 4. | आत्म और व्यक्तित्व | 1 (6) | | | | | 1 (4) | | 1 (1) | | 1 (4) | 1 (2) | |
| 5. | सामाजिक एवं प्रायोगिक मनोविज्ञान | | 1 (4) | | | | 1 (4) | 1 (2) | | 1 (6) | 1 (4) | | |
| 6. | कार्य जगत या | | | | 1 (1) | 1 (6) | | 1 (2) | | | 1 (4) | 1 (2) | |
| | प्रारंभिक बचपन की शिक्षा को सुसाध्य बनाना | | | | 1 (1) | 1 (6) | | 1 (2) | | | 1 (4) | 1 (2) | |

# नमूना प्रश्न पत्र

1. निम्नांकित में कौन सा परिवर्त्य को नियंत्रित करने का तरीका नहीं है।

   (क) समरूप (एक जैसे)
   (ख) निरसन
   (ग) जोड़–तोड़
   (घ) स्थिति की निरन्तरता (स्थायित्व) 1

2. निम्नांकित में से कौन सा अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष का उदाहरण नहीं है?

   (क) परिचित ज्ञान
   (ख) भ्रम
   (ग) अतीन्द्रिय दृष्टि
   (घ) मनः प्रभाव 1

3. यदि एक व्यक्ति प्रेम गीत लिखता है और अपने मित्र से अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं पाता तो वह कौन सी रक्षा युक्ति प्रयोग करेगा?

   (क) विवेकीकरण
   (ख) अस्वीकृति
   (ग) प्रक्षेपण
   (घ) उदात्तीकरण 1

4. निम्नांकित में से कौन सी विधि स्मृति को बढ़ाती है?

   (क) लोसी विधि
   (ख) पुनर्संकेतीकरण (रिकोडिंग)
   (ग) एकाग्रता
   (घ) उपर्युक्त सभी 1

5. निम्नांकित में से संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त से कौन संबंधित है?

   (क) स्किनर
   (ख) बन्दूरा
   (ग) प्याजे
   (घ) मास्लो 1

6अ. कलात्मक व्यक्ति किस पेशे के लिए उपयुक्त नहीं है?

   (क) गायक
   (ख) मुक्केबाज
   (ग) कलाकार
   (घ) पेन्टर 1

**या**

6ब. बच्चे को दंड देने का काम कौन करता है?

(क) सत्तावादी माता–पिता (अधिकारवादी)
(ख) छूट देने वाले माता–पिता (अनुज्ञात्मक)
(ग) लोकतांत्रिक माता–पिता
(घ) कठोर माता–पिता 1

7. बुद्धि लब्धि की गणना के सूत्र का वर्णन करो। 2

8. दीर्घकालिक एवं लघुकालिक स्मृति के अन्तर के दो रूप वर्णित करो। 2

9. व्यक्ति के कार्य निष्पादन को समूह कैसे प्रभावित करते हैं? 2

10. एक कलाकृति में गहराई के प्रभाव को पैदा करने के दो तरीके बताइये। 2

11. नशे संबंधी विकार से पीड़ित व्यक्ति की सहायता के दो तरीके बताइये। 2

12अ. पेशे में संतोष की चर्चा कीजिये और पेशे के संतोष को प्रभावित करने वाले कारकों की दो बड़ी श्रेणियों का उल्लेख कीजिए। 2

**या**

12ब. प्रारंभिक बचपन के विकास की रफ्तार के दो अनुक्रमों की संक्षिप्त चर्चा करें। 2

13अ. दैनिक जीवन में दबाव की समस्याओं से निपटने के उपाय सुझाइये। 2

**या**

13ब. एक खेल केन्द्र पर शिक्षक के अपने उत्तरदायित्वों का सुझाव दीजिए। 2

14. समस्या निवारण को परिभाषित कीजिये। समस्या निवारण की अवस्थाओं एवं रणनीतियाँ लिखिए। 4

15. सीखने को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों की चर्चा कीजिए। 4

16. विकास के संज्ञानात्मक या नैतिक क्षेत्र की चर्चा कीजिए। 4

17. "शरीर के कार्य तंत्रिका तंत्र द्वारा नियंत्रित होते हैं।" चर्चा करें। 4

18. किशोरों को आजकल किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, कुछ समस्याओं का उल्लेख कीजिये तथा उनका समाधान करने में उनकी सहायता के उपाय बताइये। 4

19. यदि कोई व्यक्ति केवल ऊँचे स्थान से डरता है, उसकी सहायता कैसे की जा सकती है? 4

20. आत्म नियंत्रण के चार उपाय सुझाइये। 4

21. कोलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धान्त की चर्चा कीजिए। 4

22. व्यक्तित्व को समझने के लिये गुणों के संप्रत्यय की चर्चा कीजिए। 4

23. लोग समूह में क्यों भाग लेते हैं? 4

24अ. व्यक्ति की आजीविका निर्माण के उपाय सुझाइये। 4

**या**

24ब. खेल केन्द्र और परिवार के संबंधों को प्रभावी बनाने के कम से कम आठ उपाय बताइये। 4

25. मानव व्यवहार को समझने के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों का वर्णन कीजिए। 6

26. व्यक्तित्व का अध्ययन करने के किन्हीं तीन परिप्रेक्ष्यों का वर्णन कीजिए। 6

27. सीखने के स्थानान्तरण के विभिन्न प्रकारों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए। 6

28. विकास के किन्हीं तीन सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए। 6

29. कुशलक्षेम क्या है? कुशलक्षेम को समुन्नत करने के कोई चार उपाय बताइये। 6

30अ. दबाव के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया के क्या तरीके हैं, बताइये। 6

**या**

30ब. खेल केन्द्र के महत्व की चर्चा कीजिए। 6

# अंक प्रदान योजना

1. (ग)

2. (ख)

3. (घ)

4. (घ)

5. (ग)

6अ. (ख)

6ब. (क)

7. 1 अंक सूत्र लिखने का। 1 अंक एम. ए. एवं सी. ए. का पूर्ण रूप लिखने का।

8. प्रत्येक रूप का 1 अंक।

9. सामाजिक सरलीकरण प्रक्रम (2 अंक)

10. कोई दो एक नेत्री संकेत (प्रत्येक का 1 अंक)

11. प्रत्येक उपाय का एक अंक

12अ. कार्य संतुष्टि को समझना। कार्य संतुष्टि को प्रभावित करने वाले दो बड़े प्रकारों का उल्लेख

(i) संगठनात्मक कारक

(ii) व्यक्तिगत कारक

(1 अंक समझ को 1 अंक दोनों कारकों को)

12ब. प्रारंभिक बचपन के विकास के दो प्रक्रम

(i) सिफौलोकॉडल

(ii) प्राक्सीमडिस्टल

(दोनों को एक–एक अंक)

13अ. दबाव से आराम, शारीरिक व्यायाम, पुरोगामी विश्राम, ध्यान, विधायी चिन्तन, सामाजिक गतिविधि (2 अंक)

13ब. खेलकेन्द्र के शिक्षक के लिये क्या उत्तरदायित्व हैं (1/2 अंक प्रत्येक बिन्दु के लिये)

14. 1 अंक परिभाषा के लिये और 3 अवस्थाओं के लिये प्रत्येक को 1 अंक

15. सीखने को प्रभावित करने वाले 6 कारक हैं। विद्यार्थी को 4 लिखने हैं। (प्रत्येक को 1 अंक)

16. विद्यार्थी संज्ञानात्मक या नैतिक में से एक पर लिख सकता है। (4 अंक)

17. तंत्रिका तंत्र के दो भाग हैं केन्द्रीय और पेरीफेरल। (प्रत्येक को 2 अंक)

18. वर्तमान समस्याओं के तीन मुख्य संवर्ग हैं। निर्देशन एवं परामर्श

(1 अंक प्रत्येक समस्या, एक अंक सहायता हेतु सुझाव)

19. व्यक्ति की व्यवस्थित विसुग्राहीकरण द्वारा सहायता की जा सकती है।

(2 अंक इस विधि के विवरण के लिए और 2 अंक उपाय लिखने के)

20. आत्म नियंत्रण के चार निम्नांकित तरीके हैं:

(i) एक कार्य संपन्न करना

(ii) कार्य सम्पादन एवं परिणाम का आत्म परिवीक्षण

(iii) आत्म मूल्यांकन

(iv) आत्म पुनर्बलन

(प्रत्येक को 1 अंक)

21. 1 अंक कोल्बर्ग के नैतिक विकास पर विचार

एक एक अंक नैतिक विकास की तीनों अवस्थाओं को

22. 1 अंक सामान्य संप्रत्यय

1–1 अंक तीनों गुणों को (सत्यं, शिवं, सुन्दरं)

23. प्रत्येक कारण को 1 अंक

24अ. कैरियर योजना के तीन पक्ष हैं

(i) व्यक्तिगत जीवन की योजना

(ii) सामाजिक जीवन की योजना

(iii) व्यावसायिक जीवन की योजना

(आत्म को जानो, कार्य जगत को जानो, आत्म की कार्य जगत से मिलान)

(पहले दो पक्षों को 1–1 अंक, 2 अंक व्यावसायिक जीवन की योजना)

24ब. खेल केन्द्र और परिवार के सम्बन्धों को प्रभावी बनाने के 15 बिन्दु हैं। विद्यार्थी कोई चार लिख सकते हैं प्रत्येक को 1/2 अंक।

25. मनुष्य के व्यवहार को समझने के छः परिप्रेक्ष्य हैं।

(i) जैविक (ii) व्यवहारगत (iii) मनोगत्यात्मक

(iv) संज्ञानात्मक (v) मानवतावादी (vi) भारतीय

(प्रत्येक को 1 अंक)

26. व्यक्तित्व अध्ययन के चार परिप्रेक्ष्य

(i) मनोगत्यात्मक (ii) समाज–संज्ञानात्मक

(iii) मानवतावादी (iv) भारतीय (गुण संप्रत्यय)

(चार में से कोई तीन, प्रत्येक 2 अंक)

27. सीखने के स्थानान्तरण के तीन प्रकार

(i) सकारात्मक (ii) नकारात्मक (iii) शून्य

(प्रत्येक 2 अंक)

28. विकास के नौ सिद्धान्त है केवल तीन लिखने हैं।

(प्रत्येक को 2 अंक)

29. कुशलक्षेम की परिभाषा– कुशलक्षेम को उन्नत करने के उपाय

(प्रत्येक उपाय का 1 अंक)

30अ. दबाव के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया के तीन रूप

(i) शारीरिक (ii) भावात्मक (iii) संज्ञानात्मक

(प्रत्येक को 2–2 अंक)

**या**

30ब. 2 अंक आधार की चर्चा, खेल केन्द्र के उद्देश्यों का वर्णन 4 अंक

# विद्यार्थी प्रतिपुष्टि प्रपत्र

## उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम

## मनोविज्ञान

**नाम** ____________________ **नामांकन संख्या** ____________

**विषय** __________________ **पुस्तक संख्या** ______________

प्रिय विद्यार्थियो,

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में हम पाठ्यक्रम की रचना आपकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करते हैं। आपकी प्रतिपुष्टि पाकर हम इसे और अधिक उपयोगी और प्रभावी कर सकेंगे, अतः यह प्रपत्र संलग्न है। कृपया इसे भर कर निम्नांकित पते पर अवश्य प्रेषित करें।

**निदेशक (अकादमिक)**
राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
ए–24–25, सैक्टर–62, नौएडा

1. पुस्तक के समस्त पाठों का वर्गीकरण इस तालिका में कीजिए।

| पाठ संख्या | पाठ का नाम | रोचक | आसान | भ्रामक | कठिन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

2. आपकी राय में किन पाठों में अधिक स्पष्टीकरण, उदाहरण और रेखाकंन की आवश्यकता है?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

3. जिन पाठगत प्रश्नों को आप कठिन पाते हैं इंगित करें।

4. क्या आप सभी पाठों के पाठांत प्रश्नों का उत्तर दे सके? हाँ/नहीं

5. क्या कोई प्रश्न उत्तर देने में कठिन था? हाँ/नहीं

यदि हाँ, पाठ एवं प्रश्न की संख्या इंगित करें।

6. क्या सारांश "आपने क्या सीखा" से आपको पाठ को समझने में सहायता मिली? हाँ/नहीं